विजय कुमार सिन्हा,
नेता विरोधी दल,
बिहार विधान सभा,
पटना–15

VIJAY KUMAR SINHA
Leader of Opposition
Bihar Legislative Assembly
Patna-15

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 20.07.2023,

***सरकार की अकर्मयण्यता, उदासीनता की भेंट चढ़ रही किसान की आंकाक्षायें- विजय कुमार सिन्हा**

***बारिश के अभाव में धान की खेती रुकी,**

***धान की खेती हेतु सरकार करे विशेष मदद, अन्यथा किसान के सामने भुखमरी के हालात,**

***सरकार की चिन्ता सत्ता की चाहत के लिये विपक्षी एकता, किसानों के लिये सोचने का समय नहीं,**

बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में बारिश के अभाव में धान की खेती रुकने पर गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा है कि सरकार किसानों को धान की खेती करने के लिये पटवन हेतु विशेष मदद करें।

श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में धान की रोपनी की स्थिति नगण्य है क्योंकि बारिश नहीं हुई है। बिचड़ा झुलस गया है।अब खेती करने के लिये फिर से बिचड़ा की व्यवस्था करनी होगी जिसमें समय लगेगा। इस परिस्थिति में अभियान चलाकर सरकार को किसानों को विशेष आर्थिक मदद करनी चाहिये।

श्री सिन्हा ने कहा है कि कहने के लिये तो राज्य में चौथा कृषि रोड मैप लागू है परंतु किसानों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। सरकार की मुख्य चिंता अभी विपक्षी एकता रहने के कारण राज्य के किसानों पर इनका ध्यान नहीं है। कृषि विभाग के द्वारा किसानों के हित में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। बीज और खाद की कालाबाजारी में इनकी मुख्य भूमिका रहती है।

श्री सिन्हा ने कहा कि किसानों को डीजल अनुदान का पैसा तब मिलता है जब उनकी आवश्यकता खत्म हो जाती है विगत 18 वर्षो में सरकार द्वारा कृषि रोड मैप एवं विभिन्न सब्सिडी के माध्यम से अरबों रुपया व्यय किया गया है जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इसकी जाँच की भी कई बार मांग उठी पंरतु जाँच नहीं की गई। जल संसाधन और लघु जल संसाधन विभाग भी स्थायी सिंचाई की व्यवस्था के नाम पर नहर एवं अन्य सिंचाई स्त्रोतो के निर्माण में अरबों रुपया खर्च करता है पंरतु भारी लूट एवं भ्रष्टाचार के कारण अभी तक इसका कोई स्थायी निदान नहीं हो पाया है।

श्री सिन्हा ने सरकार से माँग की है कि किसानों के हित के लिये ससमय आवश्यक निर्णय कर उन्हें आर्थिक मदद की जाय।